संख्याः फिन(एल0ए0)सी(15)(14) 31/76 खण्ड–7–5692–5694
हिमाचल प्रदेश सरकार,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग

प्रेषकः

निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009

प्रेषितः

उप निदेशक,
जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर,
जिला हमीरपुर, हि0प्र0

दिनांक, शिमला–171009 .......28.09.2015..............

***विषयः*** ***जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर की विभिन्न निधियों के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन बारे***

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर की पुनर्वास एवं पुनः स्थापना निधि, विश्राम गृह निधि तथा झण्डा दिवस निधि के अवधि 1.4.2012 से 31.3.1205 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रतियाँ आपको आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है। इन अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को भेजना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

हस्ता/–

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

संलगनः– यथोपरि

पृष्ठांकन संख्या :– –यथोपरि– दिनांक, शिमला–171009.
प्रतिलिपिः–
(1) निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण, निदेशालय हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश
(2) श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा..........

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

## जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास एवं पुनः स्थापना की विशेष निधि लेखाओं का अंकेक्षण प्रतिवेदन

### अवधि 4/2012 से 3/2015

### भाग—एक

### 1 गत अंकेक्षण

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण निम्नानुसार हैः—

**(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/1999 से 3/2000**

पैरा—5 निर्णीत (3)

**(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2001 से 3/2002**

पैरा—5 अंशतः निर्णीत

**(ग) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2002 से 3/2003**

पैरा—1 निर्णीत (अनुपालन (1) की सत्यापना के उपरान्त)

पैरा—2 निर्णीत (अनुपालन (2) की सत्यापना के उपरान्त)

पैरा—3 निर्णीत (रु0 607/— (3) दिनाँक 6.7.2015 को जमा करवाने की पुष्टि के उपरान्त)

**(घ) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2003 से 3/2004**

पैरा—5 निर्णीत

**(ङ) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2004 से 3/2006**

पैरा—6 निर्णीत (अनुपालना की सत्यापना के उपरान्त)

**(च) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2006 से 3/2008**

पैरा—5 अंशतः निर्णीत

**(च) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2008 से 3/2012**

पैरा—3 निर्णीत (अंकेक्षण शुल्क की राशि भेज दी गई है)

पैरा—4 निर्णीत (पुनः प्रारूपित)

पैरा—5 निर्णीत

पैरा—6 निर्णीत

## भाग—दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

संस्था के भूतपूर्व सैनिकों की पुनर्वास एवं पुनःस्थापना की विशेष निधि के अवधि 4/2012 से 3/2015 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण, श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) व श्री नरेन्द्र कुमार, आर्टिकल सहायक द्वारा दिनाँक 25.06.2015 से 26.06.2015 के दौरान हमीरपुर में किया गया। लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु चयनित मासों का विवरण निम्नानुसार हैः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2012—13 | 8/12 | 5/12 |
| 2013—14 | 9/13 | 1/14 |
| 2014—15 | 6/14 | 10/14 |

**अंकेक्षण अवधि में संस्था में कार्यरत्त रहे आहरण एवं वितरण अधिकारियों का विवरण निम्न प्रकार से हैः—**

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम/पदनाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज (HAS) | 01.04.12 से 21.05.12 |
| 2 | श्री अक्षय सूद (HAS) | 22.05.12 से 30.01.13 |
| 3 | श्री जे0के0 कटोच (HAS) | 18.02.13 से 27.05.13 |
| 4 | सुश्री सोनिया ठाकुर (HAS) | 10.06.13 से 20.02.14 |
| 5 | श्री एस0के0 परासर (HAS) | 03.03.14 से 17.06.14 |
| 6 | डा0 आशीश शर्मा (HAS) | 18.06.14 से अद्यतन |

यह अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं/अभिलेख पर आधारित है। संस्था द्वारा प्रदत्त किसी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण होने, गलत होने अथवा अंकेक्षण को सूचना उपलब्ध न करवाए जाने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी प्रभाव हेतु, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं है।

**3 अंकेक्षण शुल्क**

संस्था के अवधि 4/2012 से 3/2015 के इस निधि के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आँकलन ₹3600/– किया गया। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखाँकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–9 को भेजने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 565 दिनाँक 03.07.2015 द्वारा उप–निदेशक जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर से अनुरोध किया गया। संस्था द्वारा उक्त राशि को बैंक ड्राफ्ट संख्या 734969 दिनाँक 13.7.2015 द्वारा प्रेषित कर दिया है।

## 4 वित्तीय स्थिति

संस्था द्वारा प्रस्तुत जिला सैनिक कल्याण के भूतपूर्व सैनिकों की पुर्नवास एवं पुनःस्थापना की विशेष निधि के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट "क"** में भी दिया गया है।

**रोकड़ बही के अनुसार**

| **वर्ष** | **2012—13** | **2013—14** | **2014—15** |
|---|---|---|---|
| अथ शेष | 425638.46 | 350728.46 | 361005.46 |
| आय | 15193.00 | 114485.00 | 358175.00 |
| **कुल राशि** | **440831.46** | **465213.46** | **719180.46** |
| व्यय | 90103.00 | 104208.00 | 247697.00 |
| **अन्त शेष** | **350728.46** | **361005.46** | **471483.46** |
| **के0सी0सी0बी0 हमीरपुर के बचत खाता संख्या 2005067880 में जमा राशि** | | | **471483.46** |

## 5 निधि में संचित राशि का सावधि जमा योजना में निवेश न करना

जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर की विशेष निधि के लेखाओं की वित्तीय स्थिति की विवेचना करने पर पाया गया कि उक्त निधि में संचित राशि को बैंक बचत खाते में ही रखा गया है। यदि इस संचित राशि में से एक समुचित भाग किसी निश्चित अवधि के लिए सावधि जमा योजना में निवेश किया जाता तो बैंक से बचत खाते पर प्राप्त ब्याज की अपेक्षा सावधि जमा योजना में निवेशित राशि पर अधिक ब्याज अर्जित किया जा सकता था। अतः परामर्श दिया जाता है कि इस सन्दर्भ में संस्था स्तर पर जाँच करके भविष्य में इस निधि की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने व ब्याज के रूप में अधिक आय अर्जित करने के उद्देश्य से सावधि जमा योजना में निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

6 **लघु आपत्ति विवरणिकाः—**इसे अलग से जारी नहीं किया है।

7 **निष्कर्षः—** निधि के लेखाओं के रख रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.